>

Title: Need to issue 'Ayushman Bharat Yojna' card to beneficiaries and increase the empalnelled hospital under the scheme in Maharashtra.

श्री उन्मेश भैय्यासाहेब पाटिल (जलगाँव): सभापति महोदय, हमारे प्रधानमंत्री जी ने सितंबर 2018 में पूरे विश्व की सबसे बड़ी जन बीमा योजना, जिसका नाम 'आयुष्मान भारत योजनाश' है, उसकी शुरुआत की थी । इस योजना के माध्यम से सरकार ने लगभग 50 करोड़ लाभार्थियों और 10 करोड़ परिवारों को स्वास्थ्य सेवा पहुँचाने का लक्ष्य रखा है । इस योजना के अंतर्गत हर परिवार का एवरेज प्रीमियम 800 रुपये हैं, जो भारत सरकार द्वारा दिया जाता है, लेकिन इस योजना का जिला और ब्लॉक स्तर पर ठीक तरीके से क्रियान्वयन नहीं हो रहा है ।

सभापति महोदय, जो लाभार्थी हैं, उनके एनरोलमेंट के बाद आयुष्मान का कार्ड दिया जाता है । उस कार्ड से वंचित होने के कारण लाभार्थी इस योजना का लाभ नहीं ले पा रहे हैं । मेरे महाराष्ट्र में सिर्फ 661 प्राइवेट हॉस्पिटल्स हैं, जो एम्पैनल्ड हुए हैं । अगर तमिलनाडु में देखा जाए तो वहाँ 900 हॉस्पिटल्स हैं, उत्तर प्रदेश में लगभग 1600 हॉस्पिटल्स हैं ।

मेरा आपके माध्यम से सरकार से निवेदन है कि इन लाभार्थियों को तत्काल आइडेंटिफाई करके 'आयुष्मान भारत योजना' का कार्ड दिया जाए । इस स्कीम का लाभ ग्रामीण इलाकों में पहुँचाने के लिए एम्पैनल्ड हॉस्पिटल की संख्या को भी बढ़ाया जाए । इससे गरीब परिवारों को भी फायदा होगा ।